अब आप लोग अच्छी प्रकार से सोच सकते हैं कि भारतवासियों का १०० करोड़ रुपया खर्च करने के बाद उस मदरसे में क्या पढ़ाया जा रहा है, जिसे पढ़कर वो बच्चे निकलेंगे? जो आज ईराक में देखने को मिल रहा है, यही वह कुरानी शिक्षा है जिसमें अमल कर रहे वही तालिबान, हिजबुल मुजाहिद्दीन, अलकायदा, हाफिज सईद का संगठन आदि। एक नहीं और भी बहुत सी आयतें हैं जिन पर गौर करना बहुत जरूरी है। उनका विवरण विस्तारपूर्वक पहले दिया जा चुका है।

श्रीमान प्रधानमंत्री जी आपके द्वारा दिये गये १०० करोड़ रुपये पाकर जब यह लड़के उस मदरसे में पढ़कर निकलेंगे, तो आपका रास्ता घेरेंगे और जकात के लिए नमाज के लिए आप से कहेंगे, अगर आप नहीं करते हैं तो आपको कत्ल करेंगे। यह सारा काम अल्लाह के हुकुम से ही होगा। और यह हुकुम उन्हें मिला कहाँ से? उसी मदरसे से जिसके लिए आपने १०० करोड़ रुपया दिया है।

आगे देखिये अल्लाह का फरमान?

कुरान में कहा है कि- 'उनसे तुम जंग करो अल्लाह ताला उन्हें तुम्हारे हाथों अज़ाब देगा, उन्हें जलील और रूसवा करेगा तुम्हें उन पर मदद देगा और मुसलमानों के कलेजे ठन्डे करेगा।'

(सूरा तौबा आयत १४)

नोट- आपके १०० करोड़ देने की भी ख्वाहिश नही, अल्लाह ने उन्हीं मदरसे वालों को सिखाया कि- तुम उनसे जंग करो, मुसलमानों के हाथों अल्लाह अजाब दिलायेंगे और ज़लील भी करवायेंगे। भले ही आपने १०० करोड़ दिये हों आपकी बात वहाँ मान्य नहीं, किन्तु अल्लाह ने जो हुक्म उन्हें दिया है, उसी मदरसे से जो सबक उन्हें मिला है, उसी के अनुसार ही सारा काम होना है, क्या आप उस वक्त बता सकेंगे, कि बेटे मैंने ही तुम्हारे पढ़ने की सुविधा मुहैया कराई थी? कम से कम मुझे तो बख्श दो, हमारे जेटली साहब पर तो तनिक दया करो?

नोट- यह साफ साफ अल्लाह का फरमान है जो उसी मदरसे में बैठ कर उस शिक्षार्थी को वर्षों सीखना पड़ेगा, और वहां से निकलने के बाद आप खुद सोचिये कि वह उस दिमाग में भरे गये नक्शों से काम करेगा अथवा भारत के मानचित्र के अनुसार काम करेगा? यह एक अहम् प्रश्न है। देखो कुरान साफ लफ्ज़ों में कहता है कि-

'जो लोग ईमान लाये हिजरत कि अल्लाह की राह में, अपने माल और अपनी जान से जिहाद किया वह अल्लाह के यहाँ बहुत बड़े मर्तबे वाले हैं और यही लोग मुराद पाने वाले हैं।'

(कुरान सुरा तौबा आयत २०)

'काफिरों से लड़ते रहो, यहां तक कि फसाद बाकी न रहे, और सब जगह खुदा ही का दीन हो जावे।'

(कुरान पारा ९ सूरे अन्फाल रूकू ५ आयत ३१)

किताब वाले जो न खुदा को मानते हैं और न कयामत को और न अल्लाह और उसके पैगम्बर की हराम की हुई चीजों को हराम समझते हैं और न सच्चे दीन को मानते हैं, उनसे लड़ो यहाँ तक कि जब तक जलील होकर अपने हाथों से जजिया (कर) न दें।

(कुरान पारा १० सूरे तोबा रूकू ४ आयत २१)

इस अध्याय में कट्टरवाद के कुछ उदाहरण बतौर नमूने के पेश किये गये हैं जो शतप्रतिशत सत्य हैं। जब तक यह कुरान की शिक्षा मौजूद रहेगी, तब तक मेरा दावा है कि मुस्लिम सम्प्रदाय के बीच से जिहाद बनाम कट्टरवाद का समाप्त होना नामुमकिन तो नहीं, हां मुश्किल अवश्य है।

अतः उसके लिए हमें इस कुरानी शिक्षा पद्यति को जड़मूल से समाप्त करना होगा, तथा उसकी जगह पर वैदिक शिक्षा की स्थापना करनी होगी। जो खुद उन मुसलमानों के लिए ही नहीं, अपितु देश और समाज के लिए भी हितकर सिद्ध होगी।

□□□

जिहाद के विभिन्न रूप

फिल्मी संस्कृति रूपी जिहाद

आज फिल्मों नाटको के माध्यम से गैर मुस्लिमों को नीचा दिखाने की कोशिश की जाती है। फिल्मों में प्राचीन इतिहास को तोड़ मरोड़ कर पेश किया जाता है। ताकि हिन्दुओं में हीन भावना आये तथा मुस्लिम जिहाद के लिए प्रेरित हों, उदाहरणत: फिल्मों में अधिकतर नायकों को ही मुस्लिम धर्म से तथा नायिका को हिन्दू धर्म से जोड़कर दिखाते हैं।

यदि फिल्म में नायक नायिका को अलग अलग धर्म से दिखाना हो तो यह हॉलीवुड फिल्मों में ही है जहां पाकिस्तान में बैठे दाऊद जैसों का धन इस फिल्म इंडस्ट्री में लग रहा है। इसमें लव जिहाद की प्रेरणा तो देने ही हैं ये कट्टरपंथी साथ ही पाकिस्तान या मुस्लिम देशों में फिल्म की आमदनी बढ़ाने का भी इनका मकसद होता है। दो दो फायदे धर्म को बढ़ावा भी व धन की आमदनी भी।

इतिहास से छेड़छाड कर हिन्दुओं में हीनभावना पैदा करना व मुस्लिम धर्म को बढ़ावा देना भी कट्टरपंथियों का मकसद होता है। हाल ही में कई फिल्मों में ऐसा करने की कोशिश हुई है। जैसे पद्मावती का प्रेम प्रसंग अलाउद्दीन से दिखाने की कोशिश की जाने पर जनता ने विरोध किया तो उल्टे मीडिया ही विरोध करने वालों से सवाल पूछने लगी, लेकिन फिल्मवालों

से एक बार भी नहीं पूछा गया कि आप ऐसी छेड़छाड़ इतिहास के साथ क्यों कर रहे हैं।

श्रीकृष्ण सीरियल में श्रीकृष्ण की दो पत्नियाँ दिखाई गई हैं जो कि हमारी संस्कृति को गलत ढंग से प्रस्तुत करती हैं। इसका कानूनन विरोध होना चाहिए।

देश में यदि अल्पसंख्यकों के बारे में किसी ने कुछ कहा तो मीडिया बहुत बड़ी खबर बना देती है। लेकिन बहुसंख्यकों के साथ बंगाल, केरल आदि राज्यों में बहुत सी अप्रिय घटनाएँ घटित हुई लेकिन मीडिया चुप रहती है, आखिर ऐसा क्यों? जबकि हमारी मीडिया को तो चाहिये कि जो हमारे देश व समाज के हित में हो, उसमें पूर्ण रूप से सहयोग देकर उसका प्रचार-प्रसार करें।

लैण्ड रूपी जिहाद का सच

मुस्लिम संगठनों द्वारा मुस्लिमों को प्रेरणा दी जाती है कि कस्बों, शहरों, गाँवों के मुख्य रास्तों के साथ बाहर की तरफ जमीन खरीदें, वहां रहें ताकि गैर मुस्लिमों पर चारों ओर से दबाव बनाया जा सके। गैर मुस्लिमों के मकान मुस्लिमों में न हों लेकिन गैर मुस्लिमों में मुस्लिम घर लें, उनसे आना-जाना जारी रखें, ताकि अपने मकसद में कामयाब हुआ जा सके।

धर्मगुरू रूपी जिहाद की असलियत

यह कार्य भी जिहाद का एक हिस्सा है, कि गैर मुस्लिमों विशेषकर हिन्दुओं के धर्मगुरूओं को बदनाम करो, ताकि जो

लोग विभिन्न गुरूओं में आस्थामान हैं उनकी आस्था हटे। जब आस्था गुरूओं में नहीं रहेगी तो आत्मिक बल कम होगा, तो धर्म में भी आस्था कम हो जायेगी, तो ऐसे लोगों का धर्म परिवर्तन आसानी से कराया जा सकता है।

सबसे बड़ा फायदा इनको यह है कि गुरूओं के माध्यम से उन्हें हिन्दू धर्म पर तंज कसने का मौका मिल जाता है।

धर्म परिवर्तन रूपी जिहाद का सच

इस्लाम को मानने वालो छदम् जिहाद मे इस्लाम की बदनामी हो रही है, ऐसे कट्टरपंथियों, आतंकवाद विचारधारा वालों, लवजिहाद की प्रेरणा देने वालों या जनसंख्या बढ़ाकर गज़्बा-ए-हिन्द अर्थात् भारत का इस्लामीकरण करने की बात को कहने वालों का विरोध करें।

- चाहे अमेरिका में वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर धवस्त करने वाली घटना हो, चाहे स्पेन एवं मिश्र में बम विस्फोट, भारत में अहमदाबाद के अक्षरधाम व जम्मू के रघुनाथ मन्दिर और अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर आतंकवादी हमला तथा भारतीय संसद एवं कश्मीर की विधानसभा जैसे संवैधानिक स्थलों पर हमला, ये सभी कृत्य जिसमें हजारों लोगों की हत्या की गई, इसी जिहाद की प्रेरणा के परिणाम हैं।
- जिहादी तैयार करने के लिए पाकिस्तान व कश्मीर के इस्लामिक मदरसों में ट्रेनिंग सेन्टर चलाए जा रहे हैं। भारत में हजारों इस्लामिक मदरसों में बहुतायत संख्या में जिहादी तैयार हो रहे हैं।

- इस घिनौनी शिक्षा का कोई सेक्युलर दल न तो विरोध करता है और न ही उसे बदलने का आग्रह करता है। बल्कि धार्मिक शिक्षा अर्थात् 'पाक कुरान की शिक्षा कहकर उसका समर्थन करते हैं।'
- कश्मीर की धारा ३७० हमारे सेक्युलर नेताओं की ही देन है। इसके परिणामस्वरूप वहाँ पर आतंकवाद, अलगाववाद और जिहाद भारत की एकता और अखण्डता के लिए भयंकर परेशानी का सबब बना हुआ है।
- लाखों निर्दोष नागरिक एवं सैनिक और अरबों खरबों की सम्पत्ति इस इस्लामिक जिहाद की भेंट चढ़ गई है।
- हमारे सेक्युलर राजनीतिक नेता संसद में बैठकर 'कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है' का संकल्प व प्रस्ताव पारित करते हैं। और अलगाववाद की जननी धारा ३७० को हटाने का विरोध करते हैं, यह है सेक्युलर राजनीति का दोहरा चरित्र!
- असम सहित उत्तर पूर्वांचल के सभी राज्यों में आतंकवाद व अलगाववाद को जन्म देने व उसका पोषण करने का काम चर्च ही कर रहा है।

  चर्च की शिक्षा व पादरियों की भारत विरोधी प्रवृत्ति के परिणामस्वरूप वहाँ के विद्यालयों से निकलने वाले नवयुवक आतंकवाद और अलगाववाद की गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं और चर्च उनकी सब प्रकार से सहायता करता है।

- भारत सरकार तथा सेक्युलर दल वहां के अलगाववादी संगठनों के नेताओं से विदेशों में जाकर वार्ता करके उनको हीरो बना रहे हैं।
- त्रिपुरा में ईसाई बने उग्रवादी हिन्दू गाँवों में जाकर ए०के०४७ व ए०के० ५६ रायफल का भय दिखाकर हिन्दुओं को ईसाई बनने के लिए मजबूर कर रहे हैं।
- कश्मीर, नागालैण्ड, त्रिपुरा को पूर्णरूप से कभी भी सेना के सुपुर्द नहीं किया गया है, जब कभी इसकी मांग उठी भी तो वोट की राजनीति और तुष्टीकरण की सेक्युलर मनोवृत्ति आड़े आ गई। सम्पूर्ण सेक्युलर खानदान एकजुट होकर उसका विरोध करने लगा। इसी कारण सारे देश में जिहादी आतंकवाद की फसल सेक्युलर शक्तियों के संरक्षण में फल-फूल रही है।

जिहाद बनाम धर्मस्थानों का अधिग्रहण

सेक्युलरवादी राजनेताओं ने भारतीय अस्मिता और भावना के प्रतीक प्राचीन मंदिरों को पुरातत्व स्मारक परिभाषित कर उन्हें अजायबघरों में बदल दिया है।

हजारों प्राचीन मंदिर पूजा के लिए बंद कर दिए गए हैं। वहाँ के अधिष्ठाता देवता अब पूजा के लिए नहीं हैं बल्कि कला के उत्कृष्ट नमूने बन गए हैं। यह भारत की संस्कृति को समाप्त करने का सबसे बड़ा षड़यंत्र चल रहा है।

ब्रिटिश शासकों की नीति को लेकर चलने वाली सेक्युलर राजनैतिक शक्तियाँ एक प्रकार से यही कार्य कर रही हैं।

आश्चर्य की बात है कि सरकार न तो किसी मस्जिद को अपने नियंत्रण में लेती है और न ही किसी चर्च को, यहां तो केवल सभी प्रदेशों में हिन्दुओं के मन्दिरों को ही सरकारी नियंत्रण में लिया जा रहा है और अनेक स्थानों पर तो इन सरकारी प्रबंध समितियों में गैर हिन्दुओं को भी शामिल किया जाता है।

आज दक्षिण भारत के एक लाख से ऊपर मंदिर सेक्युलर सरकारों ने अधिग्रहण किये हुए हैं, और उत्तर भारत के सभी समृद्ध मंदिर अधिग्रहीत हैं। मंदिरों का हजारों करोड़ों रूपये का चढ़ावा उन कामों के लिए खर्च किया जाता है जिनके लिए श्रद्धालु उसे नहीं चढ़ाते।

धर्मान्तरण रोकने के लिए एक पाई भी काम में नहीं आती, एक बात ध्यान में रखनी चाहिए कि मंदिर भारतीय जीवन पद्धति की रीढ़ रज्जु है।

सेक्युलरवादी एक लंबे षड्यंत्र के तहत इस रीढ़ रज्जु को तोड़ देना चाहते हैं। इसकी रक्षा, संरक्षण, विकास का कार्य साधु-सन्तों को हिन्दू संस्कृति में श्रद्धा रखने वालों को, दृढ़तापूर्वक करना होगा।

जिहाद का एक नया रूप

जिस प्रकार मंदिर हिन्दू जीवन की रीढ़ रज्जु है उसी प्रकार धर्माचार्य सन्त-महापुरूष संपूर्ण भारत की भावनात्मक एकात्मता के सेतु स्तंभ हैं। इन धर्माचार्यों को प्रताड़ित करना भी जिहाद के नाम पर की गई एक सोची-समझी चाल है। इन धर्माचार्यों

ने देश भर में निरंतर प्रवास करते हुए अत्यंत भीषण परिस्थितियों में भी राष्ट्र को एक सूत्र में बांधे रखा। धर्माचार्य भारत की आध्यात्मिकता के भी प्रहरी हैं। और उसकी राष्ट्रीयता के भी। विभिन्न अखाड़ों ने मुगल शासन के अत्याचारों से लोहा भी लिया था। यही कारण है कि इस्लाम और चर्च के इतने लंबे अत्याचारी शासनकाल के बावजूद भी हिन्दुस्थान, हिन्दू स्थान ही बना रहा, यूनान मिश्र और रोम की तरह मिट नहीं गया। **'कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी'**, में जिस **'कुछ बात'** की चर्चा है। वह **'कुछ बात'** ये सन्त-महंत-धर्माचार्य और मठ मन्दिर ही तो हैं।

आज भी भारत की तथाकथित सेक्युलर शक्तियां उसी डगर पर चली हुई हैं। कांचीमठ के शंकराचार्य की गिरफ्तारी की यही पृष्ठभूमि है। क्योंकि सन्तों-धर्माचार्यों के अपमानित होने और अप्रासंगिक बनने से भारतीय समाज स्वत्वहीन होता है और सेक्युलर राजनेता यही चाहते हैं।

हिन्दू आचार संहिता में सेक्युलर हस्तक्षेप

भारत की वर्तमान न्याय व्यवस्था अंग्रेजों द्वारा बनाई गई न्याय प्रणाली पर आधारित चली आ रही है। अंग्रेजों ने तो इसका निर्माण भारतीयों में फूट डालने और भारतीयों को सदा के लिए गुलाम बनाए रखने के लिए किया था।

देश में प्रचलित सिविल कानून और फौजदारी कानून तो लोकतांत्रिक चेतना के विपरीत हैं, और इन्हें विदेशी शासन का भय बनाये रखने के लिए निर्मित्त किया गया था। आश्चर्य की

बात है कि अंग्रेजों के चले जाने के बाद भी सरकारें उसी को ढो रही हैं। इसी प्रकार हिन्दू कोडबिल बनाकर शासन हिन्दुओं की पारिवारिक व्यवस्था में दखलअंदाजी कर रहा है, जबकि मुस्लिम पर्सनल लॉ को उसे छूने से भी भय लगता है कि कहीं सेक्युलर चेहरा खराब न हो जाए।

सेक्युलरवादियों द्वारा विकृत इतिहास का पठन-पाठन

भारत में आज सेक्युलरवादी शक्तियां भारतीय इतिहास को केवल विकृत करने का प्रयास ही नहीं कर रही हैं, बल्कि उसे कपोल कल्पित घोषित करने का प्रयास भी हो रहा है।

यूरोपीय इतिहासकार इतिहास का प्रारंभ ईंसवी से पहले या बाद के समय को ही मानते हैं। उनके लिए ईसा मसीह ही एक ऐसा खूंटा है जिससे नापे बिना उनका काम चल ही नहीं सकता, जबकि भारत में पुराण शैली में इतिहास रचना पिछले लाखों सालों से मिलती है। परंतु यह शैली यूरोपीय इतिहास लेखन शैली से मेल नहीं खाती है इसलिए यूरोपीय इतिहासकारों ने भारत के प्राचीन इतिहास को या तो कपोल कल्पना करार दिया है या फिर उसे साहित्यिक काव्य की दृष्टि में पले बढ़े सेक्युलरवादी तथा कम्युनिस्ट भारतीय इतिहासकार भी देश के प्राचीन इतिहास को कल्पना से ज्यादा नहीं मानते, उन्होंने राम और कृष्ण को ऐतिहासिक पुरूष न मानकर उन्हें काल्पनिक नायक घोषित कर दिया है।

अब इतिहास की पाठ्य किताबों में राम, कृष्ण और अन्य ऐतिहासिक महापुरूषों को काल्पनिक लिखने में कम्युनिस्ट इतिहासकार और सेक्युलर राजनेता जुटे हुए हैं।

पश्चिमी बंगाल सरकार ने इतिहास की पुस्तकों में से वे सभी संदर्भ हटाने के निर्देश दिये हैं। जिनमें इस्लामी शासन काल के अत्याचारों का वर्णन किया गया है। शायद सरकार ये मानकर चलती है कि जब राम और कृष्ण ऐतिहासिक पुरूष ही नहीं थे तो उनकी जन्म भूमि का प्रश्न ही कहां पैदा होता है? यह सारा खेल अंतर्राष्ट्रीय शक्तियों के नेतृत्व में भारत को भारत न रहने देने के लिए एक भयंकर सेक्युलर षड़यंत्र है।

सेक्युलरवादियों द्वारा धर्मान्तरित अनुसूचित बन्धुओं हेतु आरक्षण

पिछले कुछ अर्से से देश में अनुसूचित जाति के नाम पर एक भयानक षड़यंत्र* चल रहा है। जिसका पहला मकसद है कि अनुसूचित जाति को समाज की मुख्य धारा से तोड़कर उन्हें ईसाई या मुसलमान बनाना।

इस धर्मान्तरण अभियान में इन षड़यंत्रकारी शक्तियों का सबसे धारदार हथियार है कि हिन्दू समाज के भीतर अनुसूचित जाति के साथ अस्पृश्यता और भेदभाव का व्यवहार किया जाता

---

* विस्तृत जानकारी के लिए देखें- 'वर्तमान भारत में भयानक राजनीतिक षडयन्त्र : दोषी कौन?' जिसे इतिहास विद् रिसर्चस्कालर श्री राकेश कुमार आर्य, एडवोकेट द्वारा लिखा गया है।

- लेखक

है। लेकिन ईसाईयत और इस्लाम समाज का आधार मनुष्य-मनुष्य में भेदभाव और अस्पृश्यता नहीं है। ये दोनों समाज़ समानता पर आधारित हैं। इसलिए हिन्दू अनुसूचित जाति को इस नये मुस्लिम समाज में आना चाहिए।

इस तर्क के आधार पर अनुसूचित जाति को मुसलमान और ईसाई बनाया जा रहा है। इस तर्क का अर्थ यह निकला कि जो अनुसूचित जाति का व्यक्ति मुसलमान या ईसाई बन जाता है, वह न तो अनुसूचित जाति का ही रह पाता है और ना ही प्रताड़ित का।

- पाकिस्तान के नेताओं ने जब पाकिस्तान को इस्लामी राष्ट्र के रूप में घोषित किया तो भारतीय नेताओं ने भारत सेक्युलर अर्थात् धर्मनिरपेक्ष है, यह घोषित करना आरम्भ किया।
- सेक्युलर मान्यता धारण करने से हर बार यह सिद्ध करना पड़ा कि हम मुसलमान विरोधी व हिन्दू पक्षपाती नहीं हैं।
- इस मान्यता के परिणामस्वरूप सत्ताधारियों का आचरण क्रमशः हिन्दू विरोध तथा मुस्लिम और अल्पसंख्यक पक्षपाती बनता चला गया।
- ऐसी अल्पसंख्यक संरक्षण की परिसीमा उचित, अनुचित सभी विषयों को छोड़कर सेक्युलर के नाम पर अल्पसंख्यकों का पक्ष तथा बहुसंख्यकों के विरोध में बदल गयी।
- यथार्थ में सेक्युलर स्टेट यह भारतीय संविधान में कहीं नहीं था। एक बार सर्वोच्च न्यायालय के रिटायर्ड न्यायाधीश को०का० सुब्बाराव ने जब यह सत्य प्रकट किया, तब

श्रीमती इन्दिरा गाँधी ने आपातकाल के समय सन् ७५-७६ में संविधान में संशोधन कर सेक्युलर स्टेट शब्द डाला।

- सेक्युलर का व्यवहारिक अर्थ हिन्दू विरोधी हो गया है।
- सर्वत्र सेक्युलर दल ईसाई एवं मुस्लिमों का समर्थन कर रहे हैं।
- संविधान के अनुसार अनुसूचित जाति हिन्दू समाज के अंग हैं, मुस्लिम एवं ईसाई यह कहते रहे हैं कि हमारे यहां किसी भी प्रकार का भेदभाव या ऊँच-नीच नहीं है। अनुसूचित जाति यह हिन्दू समाज व्यवस्था की विकृति है।
- ईसाई लोग दलितों के ईसाईकरण में लगे हुए हैं। छः करोड़ क्रिप्टो क्रिश्चन आज हिन्दूनाम, हिन्दूजाति धारण कर हिन्दू दलितों के पेट पर लात मारकर सुविधाएँ भोग रहे हैं।
- सर्वोच्च न्यायालय में क्रिश्चन अनुसूचित जाति के अधिकार का विषय चल रहा है। उसका निर्णय आने पर सच्चाई सामने आयेगी। सेक्युलर दलों ने पिछले दिनों ईसाई जनजातियों की सुविधाएँ समाप्त करने की माँग का विरोध किया था।
- ईसाई बने दलितों को भी आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए, यह मांग सेक्युलर दल कई बार उठा चुके हैं।
- भारतीय संविधान में अनुसूचित जाति की सामाजिक व आर्थिक उन्नति के लिए अनेक स्थानों पर आरक्षण की व्यवस्था की गई, इस आरक्षण का मूलभूत आधार भी यही है कि हिन्दू समाज में अनुसूचित जाति के साथ भेदभाव

किया जाता है। परन्तु अब एक व्यापक अंतर्राष्ट्रीय षड़यंत्र के तहत यह मांग की जा रही है और जो अनुसूचित जाति के लोग मुसलमान या ईसाई बन गए हैं उन्हें भी आरक्षण दिया जाए।

- मुख्य प्रश्न यह है कि जब ईसाई और इस्लामी समाज में कोई अनुसूचित जाति है ही नही, वहां सब बराबर हैं। और किसी के साथ किसी प्रकार का भेदभाव भी नहीं किया जाता, तो आरक्षण किसको दिया जाए? लेकिन भारत में धर्मांतरण का आंदोलन चलाने वाली ये शक्तियां जानती हैं कि एक बार धर्मान्तरित अनुसूचित जाति को भी आरक्षण का लाभ दिलवा दिया जाए तो नये धर्मान्तरण के दरवाजे खुल जाएंगे।
- दुर्भाग्य से भारत सरकार के सत्ताधारी घटक भी इन्हीं षड़यंत्रकारी जातियों की हां में हां मिलाकर धर्मान्तरित अनुसूचित जाति के आरक्षण की मांग करने में लगे हुए हैं। यदि ये मांग स्वीकार हो जाती है तो जो काम मुगल शासक और अंग्रेज शासक भी नहीं कर सके, वह काम सोनिया गाँधी की सरकार करके दिखा देगी।

जिहाद का एक विकराल रूप
जनसंख्या का असंतुलन

समान नागरिक संहिता बनाने के संदर्भ में उच्चतम् न्यायालय के द्वारा केन्द्रीय सरकार को आदेश दिए जाने के बावजूद ये

सेक्युलरिस्ट राजनेताओं के द्वारा आदेश की उपेक्षा करने के कारण आज भारत में जनसंख्या का असंतुलन हो रहा है।

जनगणना के आधार पर (प्रति १० वर्ष में) मुसलमानों की वृद्धि दर ३३ प्रतिशत और हिन्दुओं की मात्र २३ प्रतिशत है। ये आँकड़े बताते हैं कि वर्ष २०४० में हिन्दू अल्पसंख्यक हो जाएँगे। मुसलमानों के थोक वोट के लालच में सेक्युलरिस्ट राजनेता केवल अपना स्वार्थ देखते हैं, इन्हें देश में बढ़ती हुई, जनसंख्या के असंतुलन की कोई चिन्ता नहीं है।

अगर इसी प्रकार जनसंख्या असंतुलन का अनुपात बना रहा तो भविष्य में भारत के और टुकड़े होने की प्रबल संभावना है। अतएव समय रहते पूज्य सन्तगण इस संदर्भ में समाज का मार्गदर्शन करें जिससे हिन्दू समाज को बचाया जा सके और दो से अधिक बच्चों के हर तरह के नागरिक अधिकार समाप्त किये जायें।

'हम दो हमारा एक' का नारा केवल हिन्दू समाज के लिए है। इससे भविष्य में हिन्दू परिवारों से सैनिक-सन्त देश को कहाँ से मिलेंगे? इसी सदी के बीतते-बीतते हिन्दू अल्पसंख्यक हो जायेगें।

अतः आज इस गम्भीर विषय पर चिन्तन करने और समाज में जन जागृति की परम् आवश्यकता है।

❏❏❏

इस्लामिक जिहाद

कट्टरवाद- इतिहास की पुस्तकों से यह भलीभांति स्पष्ट हो चुका है कि भारत प्रचण्ड आक्रमणों के सामने क्यों हारा? इसका प्रमुख कारण भारतीयों में युद्ध करने के गुणों की एवं क्षमता की कमी नहीं थी वरन् इस्लामी आक्रमणकारियों के हाथों हमारी पराजय और हजारों वर्ष की हमारी लम्बी दासता और परस्पर का वैमनस्य प्रमुख कारण था, इस्लामी मानसिकता के विषय में हमारा घोर अज्ञान।

यद्यपि पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, गुरू गोविन्द सिंह और अनेकों श्रेष्ठतम् वीर पुरूष अपने-अपने समय के हमारे श्रेष्ठतम् योद्धा थे।

जिन्होंने मुगलों के दांत खट्टे कर दिये। परन्तु हमारे इन आधुनिक नेताओं ने पंचशील और धर्म-निरपेक्ष जैसे नारे गढ़ लिए और जंन साधारण को घोर विनाश के लिए अग्रसर कर दिया।

मुसलमान, इस वज्र मूर्खता, को देखकर, मन की मन मुस्कराते रहे। यह निबंध इस्लाम के प्रमुख आधार स्तंभ **'जिहाद'**, जिसके विषय में काफिर हिन्दुओं को पूर्ण अनभिज्ञता व भ्रम है, उनको तत्कालिक ज्ञान की अत्यन्त आवश्यकता है।

जिहाद का वास्तविक अर्थ कुरान के ही शब्दों में इस प्रकार है-

'उनसे युद्ध करो जो अल्लाह और कयामत के दिन में विश्वास नहीं करते, जो उस अल्लाह के बताये गये रास्ते पर नहीं चलते। और तब तक युद्ध करो जब तक कि वे जजिया (कर) न दे दें और वे दीन हीन न बना दिये जाएं अर्थात् पूर्णतः झुका न दिये जाएं।'

(सूरा ९ आयत २५)

गैर मुस्लिम लोगों के विरूद्ध अल्लाह की राह में किये गये युद्ध का नाम इस्लामिक धर्म ग्रन्थों में, **'जिहाद'** कहा जाता है। प्रारम्भिक युग में अरब के अन्दर मूर्ति पूजकों, यहूदियों और ईसाइयों के विरूद्ध जिहाद का युद्ध लड़ा जाता था।

इस्लाम के अनुसार जिहाद अल्लाह की सेवा के लिए लड़ा जाता है, और पाकिस्तानी सेना के एक अधिकारी ब्रिगेडियर एस०के० मलिक ने जैसा लिखा है कि-

जिहाद अल्लाह के अनुयायियों व भक्तों का सर्वाधिक आवश्यक कर्तव्य है, देखिये कुरान के अनुसार-

'युद्ध के कुरान सम्बन्धी मापदण्ड का प्रमुख स्रोत यह तथ्य है कि युद्ध अल्लाह के निमित्त ही लड़ा जाता है। ...... अल्लाह के उद्देश्य की पूर्त्ति के लिए युद्ध करने के विषय में मुसलमानों को एक धार्मिक कर्त्तव्य एवं दायित्व के रूप में आज्ञा है।'

(कुरानिक कन्सैप्ट ऑफ वार पृष्ठ ४४)

कुरान कहता है- 'चाहे निहत्थे हों अथवा हथियारों से पूर्णतः युक्त हों, अग्रसर हो. अल्लाह के लिए युद्ध करो। अपनी

धन सम्पत्ति से और अपने शरीर से यदि तुम समझ सको तो यही तुम्हारे लिए सर्वश्रेष्ठ है।' (सूरा ९, आयत ४१)

'तुम्हारे लिए युद्ध करना अनिवार्य है। भले ही तुम्हें वह नापसंद हो, तुम उसे ना चाहो तो भी।'

(सूरा ९ आयत २१६)

इस्लामी शब्दकोश में मुहम्मद के उद्देश्य में जिनका विश्वास नहीं है उनके विरूद्ध धर्म युद्ध ही जिहाद है। दैवीय संदेश (कृतियां) कुरान व हदिसों में प्रतिपादित और इस्लाम के विस्तार के लिए विशेषकर बलपूर्वक आग्रह किया गया, यह **'जिहाद'** एक अनिवार्य धार्मिक दायित्व है।

(डिक्शनरी ऑफ इस्लाम, टी.पी.ह्यूज कृत पृष्ठ २४३)

सुरा २, आयत १९३ में कुरान कहता है-

उनके विरूद्ध तब तक युद्ध करो जब तक मूर्ति पूजा पूर्णतः समाप्त न हो जाये और अल्लाह के पंथ कि विजय सर्वत्र सम्पन्न न हो जाये।'

यदि 'गैर-मुसलमान' इस्लाम स्वीकार नहीं करते या जजिया (धार्मिक टैक्स) देना अस्वीकार कर देते हैं तो मुसलमान युद्ध करने के लिए आवश्यक सभी साधनों (अस्त्र-शस्त्र) से उन पर आक्रमण कर दें, उनके आवासों और मंदिरों में आग लगा दें, उनके बाग बगीचों को तोड़ डालें, और उनके खेत खलिहानों को गैंद डालें। ये सभी मार्ग विधि संगत हैं क्योंकि इनसे 'गैर मुसलमान दुर्बल हो जाते हैं, उनकी सहन शक्ति समाप्त हो जाती है। और उनके साधन-समाप्त हो जाते हैं। देखिये-

इस विषय में कुरान का आदेश इस प्रकार है-

'गैर मुसलमानों' के हृदयों में भय भर दूंगा, उनके सिर तोड़ दूंगा, और उनके अंगों को काट दूंगा।'

(सुरा ८ आयत १)

आतंकवाद पर कुछ मुख्य प्रश्न

अब आप स्वयं ही गम्भीरता पूर्वक सोचें कि जहां पर इस तरह की शिक्षा दी जायेगी, भला वहां आतंकवाद क्यों नहीं फैलेगा? अतः सबसे पहले इस तरह की शिक्षा पर प्रतिबन्ध लगाकर परस्पर सौहार्दपूर्ण मेल-मिलाप वाली वैदिक शिक्षा का प्रचार व प्रसार करना होगा।

प्रश्न १. आतंकवाद को इस्लामिक आतंकवाद ही क्यों कहते हैं? क्या श्री लंका में एल.टी.टी.ई. का आतंकवाद, हिन्दू आतंकवाद नहीं है?

उत्तर- क्या तमिलनाडु के तमिल हिन्दू या दुनिया का कोई भी हिन्दू श्रीलंका में एलटीटीई के पक्ष में लड़ने के लिए गया है?

प्रश्न २. क्या एलटीटीई कहती है कि हमारी प्रेरणा हिन्दू धर्म ग्रंथ हैं?

उत्तर- नहीं।

इसलिए विश्व में हिन्दू आतंकवाद नहीं है। कश्मीर में पूरी दुनिया के मुसलमान लड़ने के लिए क्यों आते हैं? क्योंकि कश्मीर का प्रश्न उनकी नजरों में इस्लामिक प्रश्न है। सभी आतंकवादी कहते हैं कि हम जिहाद (कुरान के आदेशों का

पालन) करते हैं। इसलिए यह इस्लामिक आतंकवाद है।

प्रश्न ३. क्या मुसलमान गरीब और निरक्षर है, इसलिए आतंकवादी बन रहे हैं?

उत्तर- क्या ओसामा बिन लादेन निरक्षर है? क्या वर्ल्ड ट्रेड सेंटर तोड़ने वाले विमान के पायलट अनपढ़ थे? क्या वे सब गरीब थे?

नहीं, नहीं। अपितु वे सब अमीर थे और आधुनिक शिक्षा प्राप्त भी थे। प्रश्न गरीबी या निरक्षरता का नहीं है, प्रश्न तो इस जिहाद की शिक्षा का है, देखिये-

- निरक्षर अगर जिहादी बनेगा तो वह पत्थरों से जिहाद करेगा।
- पायलट जिहाद करेगा तो विमान से करेगा।
- गरीब जिहाद करेगा तो सिर्फ शरीर से करेगा।
- ओसामा बिन लादेन जैसा खूंखार आतंकवादी अगर जिहाद करेगा तो वह अरबों डॉलर व मुस्लिम राज्य की स्थापना के लिए जिहाद करेगा। अपने वर्चस्व के लिए करेगा।

प्रश्न ४. क्या मदरसे जिहादी आतंकवाद के लिए जिम्मेदार नहीं हैं?

उत्तर- दुनिया के सभी मदरसे जिहाद सिखाते हैं। पाकिस्तान के ५०० मदरसों ने ६०,००० तालिबान पैदा किए हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने भी स्वीकार किया है कि मदरसे आतंकवादी पैदा करते हैं। इसलिए आतंकवाद रोकने के लिए मदरसों पर अंकुश लगाना पड़ेगा।

प्रश्न ५. क्या गुजरात्त के दंगों के कारण मुम्बई में बम विस्फोट नहीं हुए?

उत्तर- सन् १९९३ ई० के बम विस्फोट में ३०० लोग मारे गए थे, गोधरा का हत्या काण्ड हुआ कश्मीर में ७०००० नागरिक मारे गए थे, भारत विभाजन के समय दस लाख लोगों की हत्यायें हुई, क्या इन सभी घटनाओं के पहले कहीं पर गुजरात जैसे दंगे हुए थे?

अतः यह साफ है कि गुजरात के दंगों का असर ही मुम्बई में हुआ बम काण्ड है।

प्रश्न ६. साम्प्रदायिक दंगों के लिए क्या राम मंदिर आन्दोलन या विश्व हिन्दू परिषद जिम्मेवार नहीं है?

उत्तर- सन् १९८४ ई० से राम मंदिर आंदोलन प्रारंभ हुआ, इसके पहले क्या दंगे नहीं होते थे? वर्ष १९६४ ई० में विश्व हिन्दू परिषद प्रारंभ हुई, उससे पहले क्या दंगे नहीं होते थे? इसका अर्थ है दंगों के लिए विश्व हिन्दू परिषद या राम मंदिर आंदोलन कतई जिम्मेदार नहीं हैं।

यदि यह मान भी लिया जाये कि दंगों के लिए हिन्दू जिम्मेदार हैं, तो फिर जहाँ हिन्दू हैं वहीं पर दंगे होने चाहिए, जबकि दंगे हो रहे हैं इण्डोनेशिया, मलेशिया, चीन, चेचेनिया, बोसनिया, अल्जीरिया, इज़राइल में जबकि वहाँ कहीं पर भी हिन्दू नहीं हैं।

अतः साफ पता चला कि दंगों के लिए सिर्फ जिहादी शिक्षा ही जिम्मेदार है और कोई नहीं, यह वह है जो सिर्फ और

सिर्फ इस्लाम से जुड़े हुए संगठन हैं।

प्रश्न ७. गुजरात के दंगों में मुसलमानों ने बहुत कुछ सहन किया, इसके कारण वह आतंकवादी बन रहे हैं, क्या यह सच नहीं है?

उत्तर- गोधरा की घटना के पहले गुजरात का एक मौलवी आर.डी. एक्स. एवं पिस्तौल के साथ पकड़ा गया था तथा गोधरा काण्ड का प्रारंभ भी तो कुछ मुसलमानों ने ही किया था।

कश्मीर में ७० हजार लोगों की हत्या हो गई और चार लाख हिन्दू घर छोड़कर शरणार्थी बनने पर मजबूर हो गये, इतने हत्याचार होने के बाद भी कश्मीर का एक भी हिन्दू आतंकवादी क्यों नहीं बना?

अब प्रश्न पैदा होता है कि क्या मुस्लिम युवक आतंकवादी क्या अकेले गुजरात में ही बन रहे हैं? नहीं, ऐसा नहीं है, बल्कि मुंबई में, कोयम्बटूर में, हैदराबाद में, मुरादाबाद में मुस्लिम आतंकवादी भारी संख्या में पैदा हो रहे हैं?

इसका उत्तर भी सिर्फ एक ही है और वह है इस्लामिक- **'जिहादी शिक्षा'**!

जिहादी आतंकवादियों द्वारा किये गये कुछ हमलों के साक्ष्य

१. भारत की संसद पर हमला।

२. गोधरा रेलवे स्टेशन पर ५७ रामभक्तों को जिन्दा जलाना।

३. अक्षरधाम मंदिर गुजरात, रघुनाथ मंदिर जम्मू, सांई मंदिर

हैदराबाद, काशी, मथुरा, अयोध्या सहित ३० हजार मंदिरों पर हमला।

४. भारत के विभाजन* के समय १० लाख लोगों की हत्या एवं एक करोड़ ७५ लाख शरणार्थी।

५. बोमियान में बुद्ध की मूर्त्ति का ध्वंस।

६. कंधार में भारतीय विमान का अपहरण।

७. मुम्बई में हुआ दर्दनाक आतंकी हमला।

यदि हम अब भी जागृत नहीं हुए तो?

१. हमारे मंदिरों पर हमले और बढ़ेंगे।

२. रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे, ट्रेन की पटरी, बस अड्डे, शिक्षा संस्थान, सिनेमाघर, बिजली घर, शेयर बाजार, मॉल, पुल, संसद भवन व जितने भी संवैधानिक क्षेत्र हैं वो सभी इन आतंकवादियों के निशाने पर हो सकते हैं।

अतः आज आवश्यकता है इनकी सुरक्षा की! इसलिए देश हित में इस जेहादी शिक्षा को समाप्त करके आज फैल रहे इस आतंकवाद को समाप्त करना हम सभी का नैतिक कर्त्तव्य है।

□□□

---

* उक्त विषय पर पूर्ण विस्तार से जानने के लिए अवश्य पढ़ें- अमर शहीद नत्थूराम गोडसे के अदालती बयान सहित पुस्तक **'गांधी वध क्यों और कैसे?'** जिसे हमारे द्वारा ही प्रकाशित कराया गया है।

— लाजपत राय अग्रवाल
(वैदिक मिशनरी)

मुस्लिम गुरूओं की सोच

१. बांग्लादेश में जारी हिन्दू और बौद्धों के कत्लेआम पर मुझे अफसोस है लेकिन बांग्लादेश एक इस्लामी मुल्क है, सैक्युलर नहीं। अब यहां मुसलमान बहुसंख्यक हैं ऐसे में हिन्दू और बौद्ध अगर महफूज रहना चाहते हैं तो इस्लाम कबूल कर लें या फिर हिन्दुस्तान चले जायें।

(खालिदा बेगम अध्यक्षः बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी)

२. हिन्दू नेता चाहे कितनी भी बार मुस्लिम टोपी पहनें लेकिन हम मुस्लिम नेता तिलक नहीं लगायेंगे। हिन्दू चाहे नमाज को कितनी भी इज्जत दे लेकिन हम मुसलमान वन्दे मातरम् का बहिष्कार जरूर करेंगे, क्योंकि इस्लाम में शरीथः का मानना सर्वोपरि है।

(आजमखान नेता, समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश)

३. हिन्दुस्तान के उत्तर प्रदेश, बंगाल, केरल, हैदराबाद, असम में मुसलमान बहुसंख्यक हो चुके हैं। इस्लाम के अनुसार मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में गैर मुस्लिमों की मौजूदगी हराम है। इसलिए हिन्दू इन इलाकों को खाली कर दें वरना उनके साथ हम वही व्यवहार करेंगे जो कश्मीर में हिन्दू पंडितों के साथ किया।

(मौलाना सैय्यद अहमद बुखारी शाही इमाम, जामा मस्जिद, दिल्ली)

४. मुसलमानों ने हिन्दुस्तान पर १२३५ साल राज किया। लाखों हिन्दुओं के सर कलम किये। करोड़ों हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन कर उन्हें मुसलमान बनाया। भारत के टुकड़े कर पाकिस्तान और बांग्लादेश छीना। २००० मन्दिर तोड़कर वहां मस्जिदें

बनायीं। हिन्दू आज भी हमारे डर के कारण हिन्दू-मुस्लिम भाई-भाई का नारा लगाते हैं। ये इस्लाम की ताकत नहीं है तो और क्या है?'

(मौलाना जाकिरनायक, मुम्बई)

५. भारतीय मुसलमानों को पाकिस्तानी मुसलमानों से अलग समझने की गलती ना करें। भारत ने अगर पाकिस्तान पर हमला करने की जुर्रत की तो भारत के २५ करोड़ मुसलमान पाकिस्तानी सेना के साथ मिलकर हिन्दुस्तान के खिलाफ जंग लड़ेंगे।

(असौद्दीन औवेसी लोकसभा सांसद, हैदराबाद भारत)

६. हामिद दलवई की पुस्तक मुस्लिम पालिटिक्स इन सेक्युलर इन्डिया से उद्धृत-अलीगढ़ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर से अपनी बातचीत का उल्लेख करते हुए श्री हामिद दलवई ने लिखा है-

परिवार नियोजन के मुद्दे पर अपनी बात दो टूक कहते हुए प्रोफेसर ने कहा कि हिन्दू सदा हमको अल्पसंख्यक बनाकर नहीं रख सकते। कनाडा का उदाहरण देते हुए उसने कहा कि क्यूबेक का सवाल केसे उठा? वहां के रहने वाले प्रोटेस्टेन्ट ईसाईयों ने परिवार नियोजन किया किन्तु फ्रेन्च कैथोलिकों ने परिवार नियोजन करना स्वीकार नहीं किया और न अब करते हैं जिसका नतीजा यह हुआ कि क्यूबेक में फ्रेंच कैथोलिकों की जनसंख्या प्रोटेस्टेन्ट ईसाईयों से अधिक बढ़ गई। अब वहां पर फ्रेंच कैथोलिकों का ही बोलबाला है। अब वह अपने हितों की रक्षा स्वयं कर सकते हैं। उनसे सबक लेकर हम मुसलमानों को भी वैसा ही करना चाहिए। आज नहीं तो बीस या पचास साल बाद भारत इस्लामी सैलाब में डूब ही जायेगा। भारत के अन्य

मुसलमान लीडर भी घुमा फिराकर यही बात कहते हैं।

'७. मुस्लिम सम्प्रदाय के नुमाइन्दा अखबार 'रेडियन्स' ने पिछली जनगणना पर अपनी राय जाहिर करते हुए लिखा है- बीते दशक में मुसलमानों की आबादी हिन्दुओं से कई गुणा प्रतिशत अधिक बढ़ी है। इसलिए मुसलमानों को अपने भविष्य के बारे में चिन्ता नहीं करना चाहिए।

८. हिन्दुस्तान दारूल हर्ब अर्थात् शत्रु देश है। वह उस वक्त तक दारूल हर्ब रहेगा, जब तक इस देश में कुफ्र को गल्बा (वर्चस्व) हासिल रहेगा। अर्थात जब तक इसमें गैर मुस्लिमों की हुकूमत रहेगी। हिन्दुस्तान में जब से इकतदारे-इस्लाम (इस्लामी सत्ता) खत्म हुई, तब से ही दारूल हर्ब बना हुआ है।

(मौलाना हुसैन अहमद मदनी)

९. अत्यंत आवश्यक है कि इस निजामें खुदाबंदी- (इस्लामी हुकूमत) को मजबूती से कायम किया जाये, उलमाए हिन्द ने सदैव इसी उद्‌देश्य की पूर्ति के लिए कोशिश की है। परन्तु हाय दुर्भाग्य वास्तविक उद्‌देश्य पूरा न हो सका, बस! जरूरी प्रतीत हुआ कि आहवन-दल-बलियालैन अर्थात् दो मुसीबतों में से छोटी मुसीबत के नियम को अख्तियार किया जाये, और हिन्दुस्तान की आजादी के लिए संयुक्त जद्दोजहद में हिस्सा लिया जाये। और यद्यपि संयुक्त जद्‌दोजहद से प्राप्त होने वाली आजादी निजामें इस्लामी (इस्लामी हुकूमत) न कहला सकेगी, फिर भी बहुत सी कठिनाइयों और सख्त रूकावटों के दूर हो जाने से वास्तविक उद्‌देश्य के लिए रास्ता तो खुल ही जायेगा।

(अध्यक्षीय भाषण, मौलाना हुसैन अहमद मदनी सालाना अधिवेशन जमायते उल्माए हिन्द लाहौर सन् १९४२ ई०)

१०. मौलाना हुसैन अहमद मदनी स्वीकार करते थे कि-

हिन्दू-मुसलमानों की संगठित राष्ट्रीयता, आजादी तथा समृद्धि के लिए संगठित प्रयास करना एक विशेष मामला है, जिसका ताल्लुक सिर्फ मुल्के हिन्दुस्तान और उसके बसने वालों से और उनके सांसारिक जीवन से है। यह भावी स्थिति के सामने एक अर्जी (अस्थायी) और जिल्ली (अवास्तविक) चीज है। और जब तक किसी मुल्क में भिन्न-भिन्न कौमें और मजहब बसते हैं, तभी उनकी जरूरत है। सब के सब मुसलमान हो जाने के बाद जो कि औलीन (सबसे पहला) और असली मकसद (उद्देश्य) है, यही बाकी नहीं रहता। उन्होंने फरमाया कि मुसलमाने-हिन्द को दोनों मसलों पर पूरी तौर पर हिस्सा लेना जरूरी है और लाजमी है। एक में हिस्सा लेना दूसरे के मुनाफी (वर्जित) नहीं है।

(मुकुट बिहारीलाल, कृत भारत का राष्ट्रीय आन्दोलन भाग २ पृष्ठ ५६९)

इस पुस्तक के प्रकाशन से हमारा मकसद किसी धर्म के प्रति नफरत फैलाना नहीं है बल्कि यह सचेत करना है कि हिन्दुओं अब भी समय है, जाग जाओ, संगठित हो जाओ वरना मिट जाओगे।

- **स्वामी अखिलानन्द सरस्वती**

(वैदिक प्रवक्ता)

नोट- अपने सामाजिक कार्यक्रमों में प्रचार हेतु बुलाने के लिए सम्पर्क करें।

(सम्पर्क : ०९४१२१०२६९२)

अमर स्वामी प्रकाशन विभाग द्वारा उपलब्ध इस्लामिक साहित्य की सूची

क्रमांक	पुस्तक का नाम	लेखक	मूल्य
१.	खुदा और शैतान	डॉ० श्रीराम आर्य	३.००
२.	खुदा का रोजनामचा	डॉ० श्रीराम आर्य	३.००
३.	कुरान पर १७६ प्रश्न (मौलवी जवाब दें)	डॉ० श्रीराम आर्य	२५०.००
४.	कुरान खुदायी किताब नहीं है	डॉ० श्रीराम आर्य	३.००
५.	कुरान की छानबीन	डॉ० श्रीराम आर्य	५००.००
६.	कुरान में परस्पर विरोधी स्थल	डॉ० श्रीराम आर्य	१०.००
७.	जिहाद के नाम पर दुनिया को कैसे-मुसलमान बनाया गया?	लाजपत राय अग्रवाल	१५०.००
८.	हिन्दुओं का अस्तित्व खतरे में	लाजपत राय अग्रवाल	३०.००
९.	काला पहाड़ (रक्तरंजित इतिहास)	लाजपत राय अग्रवाल	५०.००
१०.	हिन्दू कब समझेगा अपनी-मौत को?	लाजपत राय अग्रवाल	३०.००
११.	मुस्लिम आतंकवाद (कारण और-निवारण)	डॉ० राकेश कुमार आर्य एडवोकेट	१०.००
१२.	भारतीय मुसलमानों के हिन्दू पूर्वज मुसलमान-कैसे बने?	डॉ० राकेश कुमार आर्य एडवोकेट	१५०.००
१३.	इस्लाम सन्देहों के-घेरे में	डॉ० राकेश कुमार आर्य एडवोकेट	५९५.००

क्रमांक	पुस्तक का नाम	लेखक	मूल्य
१४.	इस्लाम के दीपक	पं० गंगा प्रसाद उपाध्याय	६००.००
१५.	गाज़ी मियां की पूजा- और हिन्दू	पं० गंगा प्रसाद उपाध्याय	३.००
१६.	इस्लाम और आर्य समाज	पं० गंगा प्रसाद उपाध्याय	३.००
१७.	कुरान में परिवर्तन	मौलाना गुलाम हैदर अली उर्फ पं० सत्यदेव काशी	१५०.००
१८.	दिल्ली कोर्ट का कुरान पर ऐतिहासिक फैसला	जे०एस० लोहाट (न्यायामूर्ति)	१०.००
१९.	जिहाद के नाम पर कत्लेआम	अमर स्वामी सरस्वती	१०.००
२०.	अन्तिम हिन्दू (एक गम्भीर चेतावनी)	पुरूषोत्तम योग	३०.००
२१.	भारत को हिन्दू राज्य घोषित करो	बलराज मधोक	१०.००

नोट- विस्तृत जानकारी के लिए प्रकाशन से सम्पर्क स्थापित् करें।

अमर स्वामी प्रकाशन विभाग

१०५८, विवेकानन्द नगर, गाजियाबाद, पिन०-२०१००१ (उ०प्र०)

दूरभाष : ०१२०-२७०१०९५, ०१२०-२७०००४२

०९९१०३३६७१५, ०९८१०८१६७१५, ०९८७१२३०३२१

E-mail : lajpatraiaggarwal1058@gmail.com

Website: www.amarswamiprakashanvibhag.com

संगठन–सूक्त

ओ३म् सं समिद्युवसे वृषन्नग्ने विश्वान्यर्य आ।
इळस्पदे समिध्यसे स नो वसून्या भर॥१॥

हे प्रभो! तुम शक्तिशाली हो बनाते सृष्टि को।
वेद सब गाते तुम्हें हैं कीजिए धन-वृष्टि को॥

सं गच्छध्वं सं वदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।
देवा भागं यथा पूर्वे संजनाना उपासते॥२॥

प्रेम से मिलकर चलो बोलो सभी ज्ञानी बनो।
पूर्वजों की भांति तुम कर्त्तव्य के मानी बनो॥

समानो मन्त्रः समितिः समानी समानं मनः सहचित्तमेषाम्।
समानं मन्त्रमभिमन्त्रये वः समानेन वो हविषा जुहोमि॥३॥

हों विचार समान सबके चित्त मन सब एक हों।
ज्ञान देता हूँ बराबर भोग्य पा सब नेक हों॥

समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः।
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति॥४॥

हों सभी के दिल तथा संकल्प अविरोधी सदा।
मन भरे हों प्रेम से जिस से बढ़े सुख-सम्पदा॥

शान्तिपाठ

ओ३म् द्यौः शान्तिरन्तरिक्षꣳ शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः। वनस्पतयः शान्तिर्विश्वेदेवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्वꣳ शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सा मा शान्तिरेधि। ओ३म् शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

साहित्य जगत में जिसका नाम ही काफी है।

प्रस्तुत पुस्तक के सम्पादक एवं समीक्षक

लाजपतराय अग्रवाल
(वैदिक मिशनरी)

प्रकाशक :

अमर स्वामी प्रकाशन विभाग, गाजियाबाद

E-mail : lajpatraiaggarwal1058@gmail.com
Website: www.amarswamiprakashanvibhag.com
Ph. : 0120-2701095, 0120-2700042, 09910336715, 09871230321, 09810816715